**विधान परिषद् के प्रथम सत्र 2023 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–4 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 4 (क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी कमिश्नरेट के अंतर्गत सबसे अधिक किस थाने में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022 तक अपराधिक मुकदमें पंजीकृत किये गये हैं ? | कमिशनरेट वाराणसी में थाना–कैण्ट में सर्वाधिक 618 मुकदमें पंजीकृत हैं। |
| (ख) | जिस थाने के अन्तर्गत सर्वाधिक मुकदमें पंजीकृत है उसके क्या कारण है ? | उक्त थाना क्षेत्र काफी बड़ा है तथा प्रश्नगत थाना में दर्ज ज्यादातर अपराध सामान्य प्रकृति के हैं, जो क्षेत्र में निवास करने वालों के मध्य पुरानी रंजिश व विवाद को लेकर घटित हुये हैं। |
| (ग) | उक्त थाने के अन्तर्गत अपराधों पर नियंत्रण किये जाने की कोई विशेष कार्य योजना है ? | अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी गश्त, पिकेट, पेट्रोलिंग व महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसी टीवी कैमरे लगवा कर अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है तथा महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये एण्टी रोमियों टीम व मिशन शक्ति का गठन किया गया है। जो लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रह कर क्षेत्र में भ्रमण कर रही महिलाओं को जागरूक कर रही है। इसके अतिरिक्त बीट प्रणाली प्रभावी रूप से लागू कर जनता की समस्याओं का निराकरण करते हुये घटनाओं की रोकथाम हेतु कार्यवाही की जा रही है। |
| (घ) | यदि हॉ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (ड) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

01.3.23

(केशव प्रसाद मौर्य)
नेता सदन, विधान परिषद
एवं उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।

Scanned with OKEN Scanner